हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .8 डिग्री

11 बाजरा खरीद में किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखें मंडी अधिकारी: चेयरमैन वेदपाल



12 'दमा-दम मस्त कलंदर, कन्या पूजन पे थाली बाजे जी' गीत पर गूंजा बाल भवन प्रांगण



खबर संक्षेप

एनडीपीएस एक्ट का आरोपी भेजा जेल

धारूहेड़ा। पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने बीते वीरवार को हरिनगर में रह रहे मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के दियोल गांव निवासी अमित को 2.44 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। गांजा सप्लाई के बारे में पूछताछ करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

एक्सप्लोजिव एक्ट के पांच आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने एक्सप्लोजिव एक्ट के तहत सितंबर माह में दर्ज किए गए मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विस्फोटक सामग्री बरामद होने के बाद गत 20 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद राजस्थान के जोड़यि निवासी शेरसिंह, असबीर, राजस्थान के इसरोदा निवासी चिरंजीलाल, नानगेड़ी निवासी फकरूद्दीन व बिछाला निवासी ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

सड़क हादसों के आरोपी चालक काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। इन हादसों एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। खोल थाना पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइव पर हुए हादसे के बाद 3 अक्टूबर को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक राजस्थान के पिचौपा निवासी असलम को गिरफ्तार किया है। एक अन्य हादसे के बाद पुलिस ने 23 अगस्त को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने राजस्थान के रानौली निवासी विवेक को गिरफ्तार किया है।

धोखाधड़ी के मामले का आरोपी गिरफ्तार

धारूहेड़ा। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रभावित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 3 नंवबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी पलवल के राधा अपार्टमेंट निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। उस पर कागजों में धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस आरोपी से पूछताछ के बाद अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

फोन हैक कर 1.28 लाख की ठगी करने के मामले में एक आरोपी काबू

रेवाड़ी। साइबर थाना पुलिस ने फोन हैक करके 1 लाख 28 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला आगरा के शाहगंज नीलगिरी एन्क्लेव हाल आबाद जिला फिरोजाबाद के गांव सांखनी निवासी दिनेश कुमार उर्फ सिंटू के रूप में हुई हैं। गत 27 मई को मोहल्ला सरस्वती विहार निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 30 अप्रैल को उसका फोन अचानक से गर्म होकर हैक हो गया तथा कुछ देर बाद उसका फोन अपने आप ठीक हो गया। थोड़ी देर बाद जब उसने अपना फोन चेक किया तो उसके खाते से 1 लाख 28 हजार रुपये गायब मिले। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी यूपी के जिला आगरा के शाहगंज नीलगिरी एन्कलेव हालआबाद जिला फिरोजाबाद के गांव सांखनी निवासी दिनेश कुमार उर्फ सिंटू को गिरफ्तार कर लिया है।

रामभरोसे चल रहे फीडरों के उपभोक्ताओं को मिली राहत, शहर से लेकर गांवों तक बिजली-पानी के लिए हा-हाकार

होटल-ढाबों में कैंडल नाइट डिनर, दो दिन में बिजली व्यवस्था चौपट, संचार सेवा भी बुरी तरह प्रभावित

- पेट्रोल पंपों पर बिजली के अभाव में सीएनजी की सप्लाई भी ठप
- दो स्थानों पर सड़कों पर लगा जाम, बीएसएनएल के 43 मोबाइल टावर भी हुए बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कुतुबपुर बिजली सब स्टेशन पर प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। बिजली गुल होने पर नई अनाजमंडी में छाया अंधेरा। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। बिजली नहीं होने पर सचिवालय के सरल केंद्र में बंद पड़े कम्प्यूटर।



रेवाड़ी। बिजली गुल होने पर रोहतक मार्ग पर लगाया गया जाम।

प्राइवेटाइजेशन और निजी कंपनी को लाइसेंस दिए जाने के विरोध में चल रही बिजली कर्मियों की हड़ताल ने पूरी व्यवस्था को चौपट कर दिया है। बिजली किल्लत ने इससे जुड़े हर क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। एक ओर जहां लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है, तो दूसरी ओर बिजली के अभाव में वाहन चालकों को सीएनजी तक नसीब नहीं हो रही है। जनरेटरों का खर्च उठाने में असमर्थक होटल-ढाबों में रात को कैंडल नाइट डिनर का नजारा भी देखने को मिला। बिजली के अभाव में संचार सेवा भी बुरी तरह लड़खड़ा गई। 40 प्रतिशत से अधिक मोबाइल टावर बंद हो गए।

हड़ताल के पहले दिन शहर में बिजली व्यवस्था पर ज्यादा असर नहीं पड़ा था। बड़ी संख्या में शहरी फीडर वीरवार देर सायं तक चलते रहे। इसके बाद कई फीडर ट्रिप करने से शहर में अंधेरा छा गया। कुछ फीडरों को छोड़कर शेष फीडर बंद हो गए। शहर के प्रमुख इलाकों में रात भर अंधेरा छाया रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बद से बदतर होते चले गए। 100 से अधिक गांवों में 48 घंटे बीतने के बाद भी बिजली के दर्शन नहीं हुए। लोगों के इन्वर्टर तक काम करने बंद कर गए। उनके लिए मोबाइल फोन तक चार्ज करने मुश्किल हो गए। गांवों में बिजली के अभाव में पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। हड़ताल शुरू होने के बाद जो फीडर ट्रिप नहीं किए, उनकी बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से चल रही है। अगर कोई फीडर एक बार ट्रिप कर गया, तो उसकी बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। अगर हड़ताल जल्द समाप्त नहीं हुई, तो तीसरा दिन भी बिजली के बिना निकालना लोगों के लिए बेहद कठिन साबित होने वाला है।

रोहतक व बेरली रोड पर लगे जाम

बिजली-पानी की किल्लत का सामना कर रहे पाल्हवास और आसपास के गांवों के लोगों ने वीरवार की रात रोहतक नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। इससे रोड पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। एसएचओ रोहड़ाई ने ग्रामीणों को समझाकर किसी तरह जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया। मूसेपुर के ग्रामीणों ने भी बेरली-रेवाड़ी रोड जाम कर दिया, जिसे जाटूसाना पुलिस ने खुलवाया।

होटलों पर मोमबत्ती की लौ जली

बड़े होटल व ढाबा मालिकों ने तो जनरेटरों का इंतजाम कर लिया था, लेकिन छोटे ढाबा मालिकों के लिए यह संभव नहीं रहा। कई ढाबों पर ग्राहकों को रात के समय मोमबत्ती की रोशनी में खाना परोसा गया, जिसने लोगों को कैंडल नाइट डिनर की याद ताजा करा दी। सरकुलर रोड से लेकर फ्लाईओवर तक रात को अंधेरे के आगोश में समाए रहे।

बड़ी संख्या में ई-रिक्शा हुए बंद

वीरवार को शाम के समय से ही रिचार्ज की सुविधा नहीं होने से बड़ी संख्या में ई-रिक्शा बंद हो गए। कई दुकानदारों ने ई-रिक्शा की बैट्री रिचार्ज करने के नाम पर 200 रुपये तक वसूल किए। इतना खर्च नहीं झेलने वाले चालकों ने ई-रिक्शा अपने घर पर ही खड़े कर दिए, जिससे अन्य ऑटो चालकों ने जमकर चांदी काटी। बिजली से चलने वाले दुपहिया वाहनों की संख्या भी सड़कों पर कम हो गई।

इंडस्ट्रियल फीडर को चालू किया

हड़ताल के पहले ही दिन शाम के समय बावल औद्योगिक एरिया का 33 केवी क्षमता का एक फीडर ब्रेक डाउन हो गया। इससे बड़ी संख्या में उद्योगों की बिजली गुल हो गई। एचवीपीएन की ओर से कर्मचारियों की व्यवस्था करने के बाद इस फीडर को देर रात चालू किया गया, जिसके बाद उद्योगों की बिजली आपूर्ति सामान्य हुई। एचएसआईआईडीसी के फीडर बेहतर कंडिशन में होने के कारण बाधित नहीं हुए।

बीएसएनएल के टावर हुए बंद

बिजली के अभाव में बीएसएनल के 284 में से 43 मोबाइल टावर बंद हो गए। इससे बड़ी संख्या में मोबाइल धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। निगम के जीएम पूर्णसिंह ने बताया कि मोबाइल टावरों को चालू करने के लिए डीजी सेट का इस्तेमाल किया जा रहा है। जनरेटर से बैट्रियों को रिचार्ज करने के बाद बंद हुए टावरों को रिस्टोर करने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

सीएनजी पंपों पर लगाए बोर्ड

सीएनजी पंपों पर बिजली से ही गैस की फिलिंग होती है। जिन सीएनजी पंपों की बिजली गुल हो गई, वहां 'असुविधा के लिए खेद है' के बोर्ड लगा दिए गए। बड़ी संख्या में वाहन चालकों को सीएनजी के बिना परेशानी का सामना करना पड़ा। जिन पंपों पर लाइट सुचारू रही, वहां वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं।

सोलर सिस्टम भी हो चुके फेल

बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों की छत पर सोलर सिस्टम लगवाए हुए हैं। इनमें से 80 प्रतिशत से ज्यादा ऑनग्रिड हैं, जो बिजली आने पर ही पावर जनरेट करते हैं। बिजली के बिना उपभोक्ताओं को सोलर सिस्टम का कोई फायदा नहीं मिल रहा है। कई उपभोक्ताओं ने इन सिस्टम को ऑफ ग्रिड कराने के प्रयास भी शुरू कर दिए हैं, ताकि वह इन्वर्टर चार्ज कर सकें।

पुलिसकर्मियों की बनी रही तैनाती

पावर सब स्टेशनों पर शुक्रवार को भी पुलिसकर्मियों और प्रोबेशनल कर्मचारियों की तैनाती रही। लाइनमैन का कार्य कर चुके एक पुलिसकर्मी ने बिसोहा सब स्टेशन के फीडरों को सफलतापूर्वक चालू कर दिया, जिससे कई गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली। कुछ आईटीआई पास युवा भी फीडरों को चालू करने के प्रयास में लगे रहे। इसके बावजूद बिजली व्यवस्था सामान्य नहीं हो सकी।

तेल के अवैध भंडारण में पांच और आरोपी गिरफ्तार

- इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पेट्रोलियम पदार्थों के अवैध भंडारण और बिक्री के मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों के खिलाफ ईसी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था।

गत 20 सितंबर को पुलिस टीम ने गांव भवाडी में छापेमारी के दौरान मौके से लगभग 2100 लीटर पेट्रोल, 540 लीटर डीजल और 1300 लीटर केमिकल/थिनर कुल करीब 4000 लीटर तेल का जखीरा बरामद किया था। इसके साथ ही मौके से 22 खाली ड्रम और तेल परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक पिकअप गाड़ी को भी जब्त किया गया था।

इस मामले में पुलिस ने थाना मॉडल टाउन में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त दो आरोपी जितेन्द्र निवासी गांव भवाड़ी व जिला फरीदाबाद के बड़खल निवासी हनीफ खान को पहले गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने पांच और आरोपी राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव बिछाला निवासी ओम प्रकाश, जिला खैरथल तिजारा के गांव नानगेड़ी निवासी फकरुदीन, जिला खैरथल तिजारा के गांव इसरोदा निवासी चिरंजी लाल, जिला खैरथल तिजारा के गांव जोड़यि निवासी शेर सिंह व असबीर गिरफ्तार किए हैं।

भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



रेवाड़ी। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रतिनिधि मंडल ने मनीष ढोकिया के नेतृत्व में कोसली एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। इस मौके पर यूनियन के जिला प्रधान समय सिंह ने कहा कि 2024-25 के सरसों व गेहूं के फसल बीमा का क्लेम अभी तक किसानों के खाते नहीं आया है, जबकि बीमा राशि किसानों के खातों से काट ली गई है। कंपनी अपनी मनमानी कर रही है। उन्होंने कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने और किसानों के खाते पैसा डलवाने की मांग की। मंडी में बाजरे की एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही है। किसान आढ़तियों को प्राइवेट में बाजरा बेच रहे है। सरकार एमएसपी खरीद में 600 रुपये भावांतर देने की कह रही है, लेकिन काफी किसानों की 2023,24 व 25 की भावांतर राशी अभी तक खाते में नही आई है, जिससे किसानों का सरकार के ऊपर से भरोसा उठ रहा है। चेतावनी देते हुए कहा कि 5 नवंबर तक किसानों के खाते भावांतर व बीमा के पैसे डाले जाए, अन्यथा इसके बाद यूनियन कृषि अधिकारी के ऑफिस पर ताला लगाने के लिए मजबूर होगी। इस मौके पर कोसली हल्के की प्रधान नीलम मूंदड़ा भी मौजूद थी।

आढ़ती से 11 लाख का बाजरा लेकर गायब हुआ ट्रांसपोर्ट कंपनी का चालक, दो पर केस दर्ज

- आढती ने बाजरा राजपुरा पंजाब की किसी फीड फैक्ट्री के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से भेजा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली अनाज मंडी के एक आढ़ती से एक ट्रांसपोर्ट कंपनी का ट्राला चालक लगभग 11 लाख रुपये की कीमत का बाजरा लेकर लापता हो गया। आढती ने बाजरा राजपुरा पंजाब की किसी फीड फैक्ट्री के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से भेजा था। दुकान नंबर-48 के मालिक हंसराज ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी श्री कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढत की फर्म है। फर्म अनाज मंडी में अनाज की खरीद व ब्रिकी का काम करती है। वह किसानों से खरीदे गए बाजरे को राजपुरा पंजाब, करनाल व कैथल हरियाणा फीड मिलों को आपूर्ति करते हैं।

माल भेजने के लिए ट्रक ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से लेते हैं। उन्होंने 18 अक्टूबर को रोहतक के खेड़ी साध गांव निवासी सुनील की सुपर जमीदार ट्रांसपोर्ट कंपनी रोहतक की ओर से भेजे गए ट्राले में 830 बैग बाजरा लोड कराया था, जिसकी कीमत 1078949 रुपए है। गाड़ी का ड्राइवर अमित उनसे 25 हजार नकद भी बतौर खर्च के ले गया है।

गाड़ी को एबीआईएस एक्सपोर्ट प्राईवेट लिमिटेड राजपुरा पंजाब में जाना था, लेकिन 20 अक्टूबर तक गाडी अपने गंतव्य नहीं पहुंची। ड्राइवर का मोबाइल भी बंद आ रहा है। ट्रांसपोर्ट मालिक सुनील मामले का समाधान कराने की कहकर उन्हें गुमराह कर रहा है। आढ़ती ने पुलिस को बाजरे के ई बिल, ट्रांसपोर्ट कंपनी की बिल्टी, मार्केट कमेटी का आउट गेटपास तथा अन्य दस्तावेज दिए हैं। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक व गाड़ी चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

तापमान गिरा

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा

मौसम में अचानक आया बदलाव, तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगभग दस दिनों के बाद मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिला है। अचानक आए इस बदलाव के बाद बादल छाए और कई खंडों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। मौसम के इस बदलाव के बाद रात के तापमान में गिरावट आने से ठंड की शुरूआत होने की संभावना बन गई है। शनिवार को भी बादल छाने और बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है।

शुक्रवार को सुबह के समय आसमान पूरी तरह साफ रहा। तेज धूप खिलने के कारण दोपहर तक मौसम का मिजाज गर्म बना रहा। दोपहर बाद अचानक बादल गहराने लगे। इसके बाद कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई।

अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 34.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 0.3 डिग्री की वृद्धि के साथ 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल की तुलना में दोनों ही तापमान ज्यादा चल रहे हैं। गत वर्ष 23 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री और न्यूनतम 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सुबह सर्दी अपने रंग में आनी शुरू हो गई थी। इस बार दोनों ही तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं, जिससे अच्छी ठंड की शुरूआत नहीं हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। 24 अक्टूबर को भी आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। शुक्रवार को शाम के समय छाए बादलों से रात को भी बारिश का अनुमान लगाया जा रहा था।



रेवाड़ी। शुक्रवार शाम को बूंदाबांदी के बाद आसमान में छाए बरसात के बादल।

ठंड के साथ बढ़ेगी प्रदूषण की समस्या

मौमस विभाग का अनुमान है कि इस बूंदाबांदी के बाद रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। इससे सुबह के समय ठंड का असर बढ़ेगा। हवा में नमी बढ़ने के कारण एक्यूआई में वृद्धि होगी, जो प्रदूषण की समस्या बढ़ाएगा। शुक्रवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 200 के आसपास पहुंच गया था, जिसमें अभी और वृद्धि होने की संभावना है। बूंदाबांदी का फायदा सरसों उत्पादक किसानों को जरूर मिलेगा। मौसम में बदलाव के बाद बिजाई की गई सरसों के आसानी से अंकुरित होने में मदद मिलेगी।

राजमिस्त्री ने पेड़ से फंदा लगाकर की आत्महत्या

रेवाड़ी। शांतिनगर में किराए के मकान में रह रहे मूल रूप से यूपी के राजमिस्त्री ने शुक्रवार को एक समारोह स्थल में पेड़ से लटकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। यूपी के सुलतानपुर जिले के गांव मझौआ का रहने वाला 20 वर्षीय अंकित अपने बड़े भाई के साथ राजमिस्त्री का कार्य करता था। वह शांतिनगर में ही किराए के कमरे में रहता था। शुक्रवार को उसने पास में ही एक समारोह स्थल की दीवार पर चढ़कर पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। वह कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।



फौजी का नया पोस्टर जारी
1932 से है कनेक्शन

मुंबई। साउथ सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'फौजी' के मेकर्स ने फैंस को खास तोहफा दिया है। 23 अक्टूबर को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक सुनहरा सिक्का नजर आ रहा है, जिस पर सैन्य वर्दी में प्रभास की तस्वीर बनी हुई है। पोस्टर पर 'ए बैटालियन हू फाइट्स अलोन' (एक ऐसी बटालियन जो अकेले लड़ती है) और 'मोस्ट वांटेड सिंस 1932' लिखा हुआ है। इसके साथ ही एक रहस्यमयी फाइल नंबर 025 का भी जिक्र किया गया है, जिसका राज जल्द खुलने वाला है।

लाइफ Style

संजीदा
किसी एक जॉनर में नहीं बंधना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल इक्का और धमाल 4 फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री संजीदा शेख इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं, लेकिन सोच समझकर अपना वक्त खर्च करती हैं। वह कहती हैं कि इंटरनेट मीडिया को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि मेरा प्रयास होता है कि मैं इस पर कम दिखूं, जिससे जीवन में शांति बनी रहे।

इसके लिए खुद पर काम करना होता है, क्योंकि यह करना आसान नहीं होता है। जैसे ही हमारे हाथों में फोन आता है, तो हम सबसे पहले इंस्टाग्राम खोलते हैं। ऐसे में लगातार कोशिश करनी होती है कि खुद उस पर कम समय के लिए रखें। मैं तो टाइमर लगा देती हूं। आगे अपने जीवन के टर्निंग प्वाइंट के बारे में बात करते हुए संजीदा कहती हैं कि मेरे करियर का अहम मोड़ वही था कि मैं किसी जॉनर में नहीं बंधी। फिल्मकार इस बात को समझ रहे हैं कि मैं धमाल 4 भी कर सकती हूं, इक्का भी और हीरामंडीः द डायमंड बाजार जैसा भारीभरकम शो भी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि मुझे सब आ गया है, मैं खुद को और बेहतर बनाने में लगी हुई हूं। मेरे लिए टर्निंग प्वाइंट वही था, जब मैंने तय किया था कि मुझे किसी एक श्रेणी या जॉनर में बंध कर नहीं रहना है। मैंने वह सोच लोगों में आने ही नहीं दी कि यह हीरामंडी कर रही है, तो उसी तरह का किरदार आगे भी करेगी। इंटरनेट मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग, बाडी शेमिंग और नकारात्मकता को संजीदा कैसे संभालती हैं? इसे लेकर संजीदा शेख आगे कहती हैं कि मैं इंटरनेट मीडिया को केवल अपने मनोरंजन की तरह देखती हूं। निगेटिविटी तो हैं, उसे जितना हो सके नजरअंदाज करें।



हॉलीवुड मसाला



ऑब्सेशन ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। करी बार्कर के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म ऑब्सेशन अब भारत में ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। भारत में 30 अक्टूबर को शाम 7 बजे से जियो स्टार के पैक हब पर इस फिल्म का अंग्रेजी और हिंदी में अनकट वर्जन उपलब्ध होगा। हॉरर फिल्मों में कई बार उनकी डरावनी कहानी से ज्यादा खौफनाक उसका कोई एक सीन बन जाता है। कुछ ऐसा ही एक्सरपीरियंस एक्ट्रेस इंडे नवारेटे को अपनी फिल्म ऑब्सेशन के दौरान हुआ. ये हॉरर मूवी 2026 की सबसे कामयाबी हॉरर फिल्मों से है।



फिल्मों के अलावा टीवी शो के लिए भी थे मशहूर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता टॉम स्केरिट का निधन हो गया है। वह 93 साल के थे। वह 'एलियन' और 'टॉप गन' जैसी क्लासिक फिल्मों में अपने यादगार किरदारों के लिए याद किए जाते हैं। एमी अवॉर्ड विजेता स्केरिट 'पिकेट फेंसेस' में काम करके टीवी की दुनिया में मशहूर हुए। टॉम स्केरिट ने 1993 में एमी अवॉर्ड जीता और 1994 में उन्हें 'पिकेट फेंसेस' में जिमी ब्रॉक का किरदार निभाने के लिए ऑफर मिला। बड़े पर्दे पर स्केरिट ने कई तरह की फिल्मों में बेहतरीन और यादगार अभिनय किया। रिडले स्कॉट की मशहूर साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'एलियन' (1979) में उन्होंने नोस्ट्रोमो के कैप्टन डलास का किरदार निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' में टोनी स्कॉट के साथ काम किया।



एआई अभिनेत्री को पसंद हैं शाहरुख...

नई दिल्ली। 'कैन एआई बिकम अ स्टार?' सेशन में दुनिया की पहली एआई एक्टर टिली नॉरवुड ने वर्चुअल तौर से हिस्सा लिया। उनके साथ पार्टिकल 6 की फाउंडर और सीईओ एलाइन वैन डेर वेल्डन भी मंच पर मौजूद रहीं, जिन्होंने टिली को बनाया है। इस दौरान टिली नॉरवुड ने अपने बारे में ढेर सारी जानकारी दी। उनसे हिंदी में भी कई सवाल किए गए। टिली ने हिंदी में बात करते हुए शाहरुख खान को अपना पसंदीदा भारतीय एक्टर बताया। उन्होंने कहा कि, 'मुश्किल सवाल है, लेकिन मुझे शाहरुख खान पसंद है।' इसके अलावा टिली ने किंग खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के रीमेक में काम करने की इच्छा जताई। टिली ने फिल्म में दीपिका पादुकोण की डिजिटल ट्विन बनने की इच्छा भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी की जगह नहीं लेना चाहतीं।



श्यामा प्रसाद के जीवन पर मधुर बनाएंगे फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनकी विरासत को बड़े परदे पर लाने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का संभावित शीर्षक 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर' रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी गुप्त रखी गई हैं। इस फिल्म को निर्माता आदित्य कुमार हलवासिया का समर्थन मिला है। इसे भंडारकर एंटरटेनमेंट और एकेएच वेंचर्स की तरफ से प्रोड्यूस किया जा रहा है। भंडारकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइव्स ऑफ बॉलीवुड' का काम पूरा करने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। ऐतिहासिक ड्रामा और पॉलिटिकल थ्रिलर यह फिल्म, 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर', डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



इंडिया के टॉप 1% शो में सतीश को याद कर भावुक हुए अनिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो 'इंडिया के टॉप 1%' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो 'सुमित संभल लेगा' की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, 'तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है'।' अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को 'डैनी डेविटो' कहकर बुलाते थे। दोनों को 'ट्विन्स' फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे।

ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं

मुंबई। अभिनेत्री अदिति शर्मा के लिए अभिनय सिर्फ पर्दे पर किसी पात्र को जीना नहीं, बल्कि उसके जरिये कुछ कहने का भी जरिया है। लेडीज वर्सेस रिकी बहल और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकीं अदिति इन दिनों कलर्स के शो 'शायद यहीं है प्यार' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं अदिति के लिए यह वापसी मां बनने के बाद अपनी पहचान और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने का भी सफर है। क्या टीवी पर सास-बहू ड्रामा के बीच अपने लिए अलग भूमिका ढूंढ़ पाना कठिन होता है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए शो लिखने वाले और आपका उस शो का हिस्सा बनने का समय सही होना चाहिए। मैं हमेशा से महिला प्रधान और परतदार रोल करना चाहती हूं, जिसे करने में डर लगे, सेट पर नर्वस हो जाऊं। आसान काम मुझे नहीं पसंद है। मुझे वे रोल पसंद आते हैं, जो लोगों से जुड़ते हैं।



सिला का पोस्टर रिलीज
कल्पना से भी परे होगी कहानी

मुंबई। नए साल में हर्षवर्धन राणे के नए तेवर देखने को मिलने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल जून में दस्तक देगी। इस बीच एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अभिनेता की आगामी फिल्मों की लिस्ट में 'सिला' का नाम भी शामिल है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सिला' एक्शन से भरपूर एक रोमांटिक फिल्म है। शुक्रवार को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें हर्षवर्धन इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। यह अगले साल मोहब्बत वाले महीने यानी फरवरी में रिलीज होगी। पोस्ट के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म 05 फरवरी 2027 को रिलीज होने वाली है।



फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने इसकी कहानी को लेकर संकेत दिया है। यह सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर एक्शन-रोमांटिक फिल्म होगी। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'किस्मत से परे प्यार। हद से परे एक सफर और कल्पना से भी परे एक कहानी। 'सिला' की तलाश शुरू। बता दें कि फिल्म 'सिला' का निर्देशन उमंग कुमार ने किया है। इसमें 'बिग बॉस 18' के विजेता करण वीर मेहरा भी नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे फिल्म में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। 'सिला' फिल्म में हर्षवर्धन को विराट नाम के किरदार में देखा जाएगा। वहीं, सादिया खतीब भी फिल्म का हिस्सा हैं।

डायरेक्शन के बाद अब नई तैयारी में जुटे आर्यन
वेब सीरीज के लिए बनाई खास टीम

नई दिल्ली। आर्यन खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के लिए नए लेखकों को जोड़ने की तैयारी कर रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्यन यंग राइटर्स की तलाश में हैं और अपनी आने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए टैलेंट की टीम तैयार कर रहे हैं। अपनी पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आर्यन अब प्रोडक्शन हाउस की अगली स्ट्रीमिंग सीरीज की कहानी लिखने में भी खुद शामिल होना चाहते हैं। हालांकि, आने वाली सीरीज को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्यन ऐसे नए राइटर्स की तलाश कर रहे हैं, जो कहानियों को नए नजरिए से पेश कर सकें और आज के दौर के हिसाब से लिख सकें. इस पहल का मकसद रेड चिलीज के लिए राइटर्स का एक ऐसा ग्रुप तैयार करना है, जिससे भविष्य में बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए टैलेंट चुना जा सके। बताया जा रहा है कि अगली सीरीज की लेखन प्रक्रिया में आर्यन खुद भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यानी वह सिर्फ निर्देशन और क्रिएटिव काम तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि कहानी तैयार करने में भी योगदान देंगे. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आर्यन फिलहाल कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर्स की एक टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह टीम आज के युवाओं की जिंदगी, उनके रिश्तों और बदलती सोच से जुड़ी कहानियों की तलाश कर रही है।



द बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने मचाया था धमाल

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीमियर सितंबर 2025 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था. इस सीरीज के जरिए आर्यन खान ने बतौर क्रिएटर और डायरेक्टर अपना डेब्यू किया था। गौरी खान ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था. इसमें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर व्यंग्य के जरिए एक ऐसे युवा कलाकार की कहानी दिखाई गई, जो बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश करता है। इस दौरान उसे इंडस्ट्री की राजनीति, आपसी टकराव और रिश्तों से जूझना पड़ता है। सीरीज में बॉलीवुड के अंदर की दुनिया को ह्यूमर, ड्रामा और व्यंग्य के जरिए दिखाया गया था। इससे दर्शकों को आर्यन खान के कहानी कहने के अंदाज की झलक मिली थी।

13 की उम्र में पैसों की तंगी के कारण बनीं हीरोइन

सगे भाई से रोमांस कर फंसी थी ये एक्ट्रेस, जमकर मचा था बवाल

नई दिल्ली। *50 और 60 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई एक्ट्रेसेस ऐसी आईं, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। इन्हीं दिग्गज हस्तियों में से एक नाम 'मीनू मुमताज' का भी है, जो न सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा थीं, बल्कि एक बहुत ही अच्छी डांसर भी थीं। अपने अभिनय के साथ-साथ मीनू मुमताज का विवादों से भी गहरा नाता रहा है। उन्होंने एक फिल्म में सगे भाई के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया, जो उस समय पर एक बड़ी कंट्रोवर्सी बनी। कौन थे मीनू मुमताज के भाई और किस फिल्म में एक्ट्रेस ने किया था सग्गे भाई संग रोमांस, पढ़ें ये किस्सा।*

शराब में डूबे रहते थे पिता

मीनू मुमताज का निधन साल 2021 में हुआ था। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम मलिकुनिसा अली था, लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा, तो उन्हें मीना कुमारी ने 'मीनू' नाम दिया। मीनू मुमताज के पिता 'मुमताज अली' 40 के दशक में एक बेहतरीन डांसर और कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। हालांकि, ज्यादा शराब की वजह से उनका कॅरियर खत्म हो गया और परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

कॉमेडियन महमूद की थीं बहन

मीनू मुमताज फेमस कॉमेडियन महमूद अली की बहन थीं। 8 भाई-बहन की देख-रेख और पैसों की तंगी के कारण महमूद और मीनू दोनों ने ही बचपन में काम करना शुरू कर दिया था। जब दिग्गज अभिनेत्री सिर्फ 13 साल की थी, तब उन्हें 1955 में उनकी पहली फिल्म 'सफी खातिमा' मिली, जिसे नानूभाई वकील ने बनाया था। इसके बाद उन्होंने बारा-दारी, घर-घर में दीवाली, सोसाइटी जैसी मूवीज में अहम किरदार निभाए। हालांकि, एक्ट्रेस की किस्मत तब बदली जब उन्हें गुरुदत्त के प्रोडक्शन में बनी फिल्म सीआईडी में कास्ट किया गया। मीनू ने फिल्म में डांसर और सिंगर का किरदार निभाया था। फिल्म में देवानंद मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में मिली सफलता के बाद मीनू मुमताज ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और मिस्टर लंबी, पॉकेट मार, आशा, दो रोटी, एक साल, नया दौर, अदालत जैसी कई फिल्मों में काम किया।



भारत छोड़कर विदेश में बसी

बॉलीवुड में अपना सफल कॅरियर बनाने के बाद मीनू मुमताज ने 12 जून 1963 में फिल्म डायरेक्टर सैय्यद अली अकबर से शादी कर ली। जिसके बाद वह पति संग विदेश में जाकर बस गईं। हालांकि, उन्होंने फिल्मों में काम करना जारी रखा। उनके तीन बच्चे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 23 अक्टूबर 2023 को मीनू मुमतज ने 79 साल की उम्र में कनाडा में ही आखिरी सांस ली।

'हावड़ा ब्रिज' में भाई संग किया रोमांस

बॉलीवुड में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहीं मीनू मुमताज की जिंदगी में सबसे बड़ा विवाद तब हुआ, जब उन्होंने साल 1958 में अशोक कुमार और मधुबाला स्टारर फिल्म 'हावड़ा ब्रिज'में अपने ही सगे भाई और हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता महमूद अली के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया। महमूद और मीनू दोनों ने ही फिल्म हावड़ा ब्रिज के एक गाने गोरा रंग चुनरिया काली में अपने ही सगे भाई के साथ रोमांस किया। शक्ति सामंथा के निर्देशन में बनी फिल्म हावड़ा ब्रिज का जब ये गाना रिलीज हुआ, तो काफी बवाल मचा। लोगों में सगे भाई-बहनों को रोमांस करता हुआ देखकर काफी गुस्सा भर गया था। दर्शकों ने दोनों एक्टर्स को बायकॉट करने तक की बात कह दी, लेकिन मीनू चुपचाप बिना किसी से कुछ बोले अपना काम करती रहीं और जल्द ही ये बात दब गई।

चेयरमैन वेदपाल ने लिया अनाजमंडी का जायजा

अधिकारी बाजरा खरीद में किसानों की सुविधाओं का ख्याल जरूर रखें

आढ़तियों ने चेयरमैन के समक्ष रखी अनाजमंडी में बड़ी सीवरेज लाइन बिछाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल ने शुक्रवार को रेवाड़ी अनाज मंडी का निरीक्षण कर बाजरा खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसानों को बाजरा बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। मंडी में किसानों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। चेयरमैन ने अनाज मंडी में चल रही बाजरा खरीद का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि किसान मंडी में फसल को साफ करके तथा सूखा कर ही लाएं, जिससे कि उनको फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों की सहूलियत के लिए विपणन अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हुए हैं। हरियाणा में मौजूदा सरकार ने ही अभी तक बाजरा के दामों में आशानुरुप बढ़ोतरी की है, जिससे प्रदेश के बाजरा उत्पादक हजारों किसानों को एमएसपी की बढ़ी हुई दरों व भावांतर भरपाई योजना का लाभ मिला है। मार्केट कमेटी के प्रधान अनिल सैनी, पीपीपी के स्टेट को-आर्डिनेटर डा. सतीश खोला और आढ़तियों ने चेयरमैन वेदपाल का स्वागत किया।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में बाजरा खरीद का जायजा लेते चेयरमैन वेदपाल।

किसानों और आढ़तियों से भी बातचीत की

इस मौके पर चेयरमैन वेदपाल ने किसानों और आढ़तियों से भी बातचीत की। आढ़ती राधेश्याम मित्तल, नवल गुप्ता, अशोक यादव व प्रेम कुमार ने चेयरमैन से अनाज मंडी में दूषित पानी की निकासी के लिए बड़ी सीवरेज लाइन डलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मंडी में एक टीन शेड व इंटरनल रोड की आवश्यकता है। चेयरमैन ने मांगों को लेकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। मार्केट कमेटी सचिव नरेंद्र यादव ने बताया कि बाजरा की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। अभी तक मंडी में 4 लाख 51 हजार 852 क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है, जिसमें 14 हजार 298 किसानों का बाजरा खरीदा जा चुका है। इस अवसर पर जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी सत्यप्रकाश यादव व क्षेत्रीय प्रशासक जितेंद्र गांधी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था की वार्षिक आम सभा 25 को

रेवाड़ी। माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था की वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की अंतिम वार्षिक आम सभा 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे संस्था कार्यालय आजाद नगर में आयोजित की जाएगी। प्रेस सचिव बहादुर सिंह ने बताया कि सभा के लिए प्रशासन की ओर से ऑब्जर्वर के रूप में कमांडेंट राजकुमार यादव को नियुक्त किया गया है। सभा में महासचिव की ओर से संस्था की वर्तमान कार्यप्रणाली, पिछले एक वर्ष में किए गए सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों तथा संस्था की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। कोषाध्यक्ष की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय-व्यय रिपोर्ट एवं बैलेंस शीट तथा 30 सितंबर 2026 तक की वित्तीय स्थिति का विवरण सदन के समक्ष प्रोजेक्टर के माध्यम से रखा जाएगा और नियमानुसार अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मिलेंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

- महिला पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 नवंबर तक मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों के माध्यम से समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को पहचान देने के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की ओर से वर्ष 2026-2027 के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2027 को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों में सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी पुरस्कार, सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार और महिला उद्यमी पुरस्कार शामिल हैं।

पोर्टल पर देखें शर्तें



डीसी ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पात्र महिलाएं 5 नवंबर तक विभाग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। डाक, कोरियर या अन्य किसी ऑफलाइन माध्यम से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पुरस्कारों से संबंधित नियम एवं शर्तें भी महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल पर देखी जा सकती हैं।

छात्राओं को कला के क्षेत्र में अवसरों से परिचित कराया

- राजकीय महिला महाविद्यालय में आर्टिस्ट इंस्प्रेशन एंड मोटिवेशन विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मनीषा गोल्डन व्हील पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आर्टिस्ट इंस्प्रेशन एंड मोटिवेशन विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कला एवं मनोरंजन के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास के बल पर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। व्याख्यान के दौरान कला के महत्व, कलाकारों के जीवन में संघर्ष, निरंतर अभ्यास, अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं को अपनी रुचि एवं कौशल को पहचानने, रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने तथा अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिभा के साथ-साथ मेहनत, धैर्य, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प भी आवश्यक हैं।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्राएं।

सर्वांगीण विकास होगा

कला न केवल अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और करियर निर्माण का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र भी है। प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रमों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्राओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने, नए अवसरों के प्रति जागरूक होने तथा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य का निर्माण करने में सहायता करते हैं।

सफल व्यक्तित्व का निर्माण अनुशासित सोच और तार्किक निर्णय क्षमता से : तनेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के गणित विभाग की ओर से जीवन में सफलता एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के विशिष्ट अतिथि संकाय प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष सतीश कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में डा. एमएस बड़क ने मुख्य वक्ता, शिक्षकों और शोधार्थियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता प्रो. तनेजा ने कहा कि गणित केवल संख्याओं का खेल नहीं, बल्कि जीवन की हर कठिन समस्या का व्यवस्थित समाधान खोजने का एक नजरिया है, जिस प्रकार हर समीकरण का हल संभव है, उसी प्रकार जीवन की हर चुनौती का समाधान सकारात्मक सोच से संभव है। उन्होंने गणितीय दृष्टिकोण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित हमें सिखाता है कि जीवन में यदि कोई समस्या है, तो उसका समाधान निश्चित रूप से विद्यमान है। आवश्यकता केवल सही दृष्टिकोण और धैर्यपूर्वक प्रयास करने की है। एक सफल व्यक्तित्व का निर्माण अनुशासित सोच और तार्किक निर्णय क्षमता से होता है और यही अभ्यास हमारे भीतर आत्मविश्वास का संचार करता है। उन्होंने कहा कि सफलता धैर्य, लगन, निरंतर अभ्यास और सही दिशा में किए गए प्रयासों का ही योग होती है।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता।



विद्यार्थियों को रोबोटिक्स के बढ़ते महत्व से अवगत कराया

रेवाड़ी। सोमाणी कॉलेज में ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक औद्योगिक तकनीकी, संचालन प्रणालियों तथा रोबोटिक्स के बढ़ते महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में डा. यूसी झा ने विद्यार्थियों को औद्योगिक ऑटोमेशन, रोबोटिक्स एवं आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग में इनके व्यावहारिक उपयोगों की जानकारी दी। डा. झा को इस क्षेत्र में 30 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने आईआईटी मद्रास से एमटेक तथा एनआईईटी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करने और नवीन तकनीकों के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान की एडमिन हेड डा. नविता, डा. आरती, प्रो. रमिता, प्रो. राहुल चौहान, प्रो. प्रीति, प्रो. वैशाली, प्रो. सोनम एवं प्रो. रमेश प्रो. किरण सहित अन्य शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों ने आधुनिक औद्योगिक तकनीकी तथा उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

हड़ताल के दौरान पुलिस ने दी राहत, सौ से अधिक गांवों की बिजली कराई बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में हड़ताल के कारण उत्पन्न हुए बिजली संकट से आमजन को पुलिस राहत देने का कार्य कर रही है। पुलिस ने कानून-व्यवस्था संभालने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने का बेड़ा उठाया है। ठप पड़ी बिजली आपूर्ति बहाली के लिए जिला पुलिस प्रशासन की ओर से कार्य किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने बीते 24 घंटे में जिले के 20 ज्यादा बिजली फीडर को सुचारू रूप से चालू किया है। इन पावर स्टेशनों और फीडरों के चालू होने से ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति फिर से शुरू हो गई है, जिससे भीषण पेयजल और अन्य समस्याओं से जूझ रहे 100 से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। कुछ पावर स्टेशनों पर पुलिसकर्मियों ने खुद ही बिजली ठीक कर बिजली आपूर्ति को सुचारू किया है। बिजली आपूर्ति में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने के लिए पुलिस विशेष अभियान चला रही है। पुलिसकर्मी क्षेत्र में सक्रिय रूप से रिटायर्ड जेई, बिजली विभाग के अन्य कर्मचारियों तथा बिजली के तकनीकी जानकारों को तलाश कर ला रहे हैं और उनकी मदद से बिजली के फॉल्ट ठीक कराए जा रहे हैं। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे इस आपात स्थिति में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें। पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ बिजली संकट के समाधान के लिए भी 24 घंटे पूरी तरह तत्पर है।



रेवाड़ी। पावर हाउस पर निरीक्षण करते हुए डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।

जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता 5 नवंबर को

रेवाड़ी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विकसित भारत युवा संसद-2027 के तहत जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंबर 2026 को किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक जागरूकता, राष्ट्रीय मुद्दों की समझ तथा रचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देना है। विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने तथा उन्हें जिम्मेदार, जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा। विकसित भारत युवा संसद, विकसित भारत युवा नेतृत्व एवं संवाद-2027 के अंतर्गत एक विशेष ट्रैक के रूप में आयोजित की जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में पुलिस की ओर से 31 अक्टूबर तक पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस मनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन की ओर से वीरवार को गांव गुड़ियानी व कंवाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर शहीद सिपाही माहीचंद व शहीद एएसआई चंद्रहास को श्रद्धांजलि दी गई। सिपाही माहीचंद 1 नवंबर वर्ष 1970 को सैकेंड बटालियन में तैनात थे और कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए पश्चिम बंगाल गए हुए थे। इस दौरान नक्सली हमले में वीरगति को प्राप्त हो गए थे। वहीं गांव कंवाली के शहीद एएसआई चन्द्रहास 17 मार्च वर्ष 1997 को गुरुग्राम में तैनात थे और कुख्यात अपराधियों की धरपकड़ करने के दौरान वे अपराधियों की ओर से गाड़ी चढा देने पर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। कार्यक्रम में डीएसपी कोसली विद्यानंद व एसएचओ कोसली इंस्पेक्टर विधासागर ने शहीद सिपाही माहीचंद के परिवार से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। वही प्रबंधक थाना खोल इंस्पेक्टर गजराज व डहीना चौकी इंचार्ज एसआई विक्रम ने गांव कंवाली में शहीद एएसआई चंद्रहास को श्रद्धांजलि दी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही हमारी आजादी कायम है और इनके ऋण को कभी नहीं चुकाया जा सकता है।



रेवाड़ी। शहीद के परिवार का सम्मान करते पुलिस अधिकारी।

अवधि पूरी कर चुके वाहनों को कराएं स्क्रैप : सचिव

- कमर्शियल वाहनों को स्क्रैप कराने के बाद नया वाहन खरीदने पर कई छूटें, मोटर व्हीकल टैक्स में 100 प्रतिशत छूट पाने का दिया जा रहा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-एनसीआर में पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाणिज्यिक वाहनों को हटाकर उनकी जगह आधुनिक एवं कम प्रदूषण वाले वाहन अपनाने के लिए केंद्र सरकार की 'परिवर्तन योजना-2026' महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इस योजना के तहत पात्र वाणिज्यिक ट्रक और बस मालिकों को नए वाहन खरीदने पर कई प्रकार के आर्थिक प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया गया है। जिले में ऐसे वाहनों की संख्या 800 से ज्यादा है, जिन्हें स्क्रैप कराने के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जिले में योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत ई-रिक्शा के माध्यम से आमजन को जानकारी दी जा रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराने की योजना बनाई गई है। परिवर्तन योजना का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में पुराने वाणिज्यिक वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना और परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाना है। योजना का कुल वित्तीय परिव्यय 9,585 करोड़ रुपये बताया गया है, जबकि 5,041 करोड़ रुपये की केंद्रीय बजटीय सहायता का प्रावधान है। दो लाख से अधिक पुराने ट्रकों और बसों को स्वच्छ तकनीक वाले वाहनों से बदलने का लक्ष्य रखा गया है।



रेवाड़ी। सचिवालय में बैठक करते हुए आरटीए के अधिकारी।

जिले में दो अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र

जिले की दो अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधाएं गणपति स्क्रैपिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड खटावलीव विवक स्क्रैप एलएलपी प्लॉट नंबर 21, सेक्टर-8, अर्बन एस्टेट औद्योगिक क्षेत्र, धारूहेड़ा में स्थित है। वाहन मालिकों को स्क्रैपिंग से पहले संबंधित केंद्र की अधिकृत स्थिति और लागू प्रक्रिया की पुष्टि करनी चाहिए।

योजना का लाभ लें

वाहन चालकों को सरकार की इस योजना का जल्द लाभ उठाना चाहिए। उन्हें यह अंतिम अवसर दिया जा रहा है। इसके बाद स्क्रैप नहीं कराने वाले वाहनों को इंपाउंड किया जाएगा। ऐसे वाहन मालिकों को नए वाहनों की खरीद पर कोई छूट नहीं दी जाएगी।

-विकास कौशिक, सचिव, आरटीए।



रेवाड़ी। भ्रमण के दौरान आईजीयू के विद्यार्थी व सेंटर स्टॉफ।

छात्रों ने किया केयर सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल विकास, आजीविका के अवसरों तथा इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में उभरती रोजगार संभावनाओं से परिचित कराना था। उदयन केयर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धारूहेड़ा के भ्रमण में आईजीयू के 27 विद्यार्थियों और 3 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की टीम का नेतृत्व डा. सत्येंद्र ने किया, जबकि उदयन केयर की ओर से धर्मेंद्र कुमार असिस्टेंट मैनेजर, स्टेकहोल्डर एवं पार्टनरशिप मैनेजमेंट ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने सेंटर की ईवी प्रशिक्षण सुविधाओं, तकनीकी उपकरणों तथा उदयन केयर की ओर से प्रदान की जा रही निःशुल्क कौशल विकास सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में तकनीकी कौशल के महत्व और भविष्य में इससे जुड़ने वाले रोजगार के अवसरों को समझा। सामाजिक कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने समझा कि वे स्वयं कौशल विकास के अवसरों से जुड़ने के साथ-साथ समुदाय के युवाओं को भी प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पुलिस की ओर से मनाया जा रहा साइबर सुरक्षा माह, शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम किए आयोजित

व्हाट्सएप व सोशल मीडिया हैकिंग के प्रति किया जागरूक

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरावड़ा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डिजिटल युग में तेजी से बदलते साइबर अपराधों के तरीकों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन, युवाओं व वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क के उद्देश्य से पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक क्षेत्रों, ग्रामीण अंचलों तथा व्यस्त सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन लक्षित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को थाना रोहड़ाई पुलिस की ओर से शहीद लांस नायक होशियार सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरावड़ा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीएसआई नवीन कुमार ने विद्यार्थियों को 'अकाउंट टेकओवर' एवं 'व्हाट्सएप व सोशल मीडिया हैकिंग' के प्रति जागरूक किया। आज के डिजिटल दौर में साइबर अपराधी तकनीक का गलत इस्तेमाल कर आमजन के सोशल मीडिया अकाउंट्स को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने स्क्रीन शेयरिंग, फिशिंग लिंक और धोखे से कोड हासिल करने की कार्यप्रणाली को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि ठग किस प्रकार किसी व्यक्ति से ओटीपी या डिवाइस लिंकिंग कोड प्राप्त कर लेते हैं।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए पीएसआई नवीन कुमार। फोटो: हरिभूमि

विद्यार्थियों को दिए गए सुरक्षा सुझाव

किसी भी अनजान व्यक्ति, संदिग्ध कॉल या मैसेज के झांसे में आकर अपने मोबाइल पर आया 6 अंकों का व्हाट्सएप रजिस्ट्रेशन कोड, ओटीपी या डिवाइस लिंकिंग कोड साझा न करें। अपने व्हाट्सएप की सेटिंग्स में जाकर समय-समय पर लिंक्ड डिवाइसेस विकल्प को चेक करते रहें। यदि वहां कोई ऐसा कंप्यूटर या डिवाइस दिखे जिसे आप नहीं पहचानते, तो उसे तुरंत लॉग-आउट कर दें। अपने व्हाट्सएप और सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन या टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन फीचर को अनिवार्य रूप से चालू रखें, ताकि ओटीपी लीक होने की स्थिति में भी कोई बिना पिन के आपका अकाउंट चालू न कर सके। किसी भी लुभावने ऑफर, फ्री रिचार्ज या अनजान ग्रुप से आए संदिग्ध लिंक और डॉट एपीके फाइलों को डाउनलोड न करें। ठग अक्सर कस्टमर केयर या डिलीवरी बॉय बनकर 401 या 21 जैसे नंबर डायल करने को कहते हैं। ऐसे किसी भी कोड को डायल न करें, इससे आपके फोन की सभी कॉल्स और ओटीपी ठग के नंबर पर फॉरवर्ड हो जाते हैं। पीएसआई ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने माता-पिता, परिवार और आस-पड़ोस के लोगों के साथ भी साझा करें। यदि किसी के साथ किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या अकाउंट हैकिंग की घटना घटित होती है, तो बिना समय गंवाए तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या आधिकारिक पोर्टल साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।



दो दिन की हड़ताल से आई 'नानी याद', पुराने सामान को संभालना बना मजबूरी

- बिजली की मधानी की जगह महिलाएं तलाश रहीं हाथ की रई

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

बिजली कर्मियों की हड़ताल को दो दिन बीत जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं दही बिलोकर लस्सी तक नहीं बना पाई। पड़ोसियों से छाछ मांगकर शौक पूरा करने वाले लोग भी लस्सी को तरस गए। दोनों दिन का दही एकत्रित होने के बाद महिलाओं ने हाथ से दही बिलौने वाली पुरानी रई की तलाश शुरू कर दी।

सामान्य जनजीवन सही मायने में पूरी तरह से बिजली पर निर्भर हो चुका है। बिजली ऐसी मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है, जिसके बिना दिनचर्या का सामान्य बने रहना नामुकिन सा हो गया है। महज दो दिन में लोगों की दिनचर्या बुरी तरह बाधित हो चुकी है। ग्रामीण परिवेश में पशु नहीं रखने वाले लोग सुबह के समय पड़ोस में पशु रखने वाले लोगों से दही से बनी लस्सी मांगकर शौक पूरा करते हैं। पहले दही बिलोकर उससे मक्खन और लस्सी अलग करने के लिए लकड़ी से बनी रई का इस्तेमाल करती थीं। लकड़ी की रई को रस्सी के सहारे महिलाएं हाथ से चलाती थीं, जिससे बाद दही से मक्खन निकाला जाता था। कई घरों में पुरानी रई तो मौजूद हैं, लेकिन नई पीढ़ी के लिए उन्हें चलाना आसान नहीं है। हाथ से दूध बिलौने की आदत छूट चुकी है। दो दिन से बिजली नहीं आने के कारण बुजुर्ग महिलाओं ने तो पुरानी रई संभालना शुरू कर दिया है, परंतु नई पीढ़ी की महिलाओं को हाथ से रई चलना ही नहीं आता। कई घरों में दो का दही बिना बिलौई ही रखा हुआ है। दही से मक्खन निकालने के लिए बिजली का इंतजार किया जा रहा है।



पानी गर्म करने के लिए गीजर की जगह चूल्हे चलने शुरू

जर्जर चूल्हों की लीपापोती भी शुरू

'बिजली युग' चलते पानी गर्म करना भी गीजर या इलेक्ट्रिक रॉड पर निर्भर कर रहा है। जिन लोगों को सुबह के समय गर्म पानी से नहाने की आदत है, उन्होंने अब जर्जर हो चुके चूल्हों को गुलजार करना शुरू कर दिया है। ग्रामीण अंचल में इन चूल्हों को लकड़ी के ईंधन से जलाकर गर्म पानी किया जाने लगा है। पुरानी यादें बिजली किल्लत ने ताजा कर दी हैं।

मिक्सी की जगह कुंडी-सौटा संभाले

मिक्सी से चटनी व अन्य सामान तैयार करने वाली महिलाओं के लिए बिजली गुल होने के बाद मिक्सी चलाना असंभव हो गया है। चटनी बनाने के लिए एक बार फिर से कुंडी-सौटा या उखली-मूसली संभालने शुरू कर दिए हैं। दो दिन से अंधेरा होने के कारण मोमबत्ती की डिमांड भी तेजी से बढ़ गई। अधिकांश घरों में इन्वर्टर काम छोड़ चुके है।

मोटर की जगह हाथ से चारा कटाई

पशुपालक पशुओं को हरा चारा खिलाने के लिए चारे की कटाई बिजली की मोटरों से चलने वाली मशीनों से करते हैं। दो दिन तक इंतजार करने के बाद बिजली के टोका भी हाथ से चलने शुरू हो गए हैं। लोगों की हाथ से चारा काटने की आदत चली गई थी, जो अब दोबारा लौटकर आने लगी है। बिजली के अन्य उपकरण भी अब शोपीस साबित होने लगे हैं।



प्रतियोगिताओं में 8 सरकारी सहित कुल 40 विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

'दमा-दम मस्त कलंदर, कन्या पूजन पे थाली बाजे जी' गीत पर गूंजा बाल भवन प्रांगण

- सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने कहा कि बाल महोत्सव जैसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रुप डांस की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में चल रहे बाल महोत्सव के तीसरे मुख्य अतिथि सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। बाल महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को विभिन्न आयु वर्गों में विद्यार्थियों ने क्ले मॉडलिंग प्रथम एवं द्वितीय वर्ग, पोस्टर मेकिंग द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ग, ग्रुप डांस चतुर्थ वर्ग तथा सोलो सॉन्ग द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में 8 सरकारी विद्यालयों सहित कुल 40 विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने कहा कि बाल महोत्सव जैसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है, वहीं बच्चों के व्यक्तित्व पर इसका सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। 'दमा-दम मस्त कलंदर, कन्या पूजन पे थाली बाजे जी' गीत पर गूंजा बाल भवन प्रांगण। उन्होंने बाल भवन की ओर से आयोजित की जा रही गतिविधियों की प्रशंसा की। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि 27 अक्टूबर को बाल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पेट्रियोटिक ग्रुप सॉन्ग चतुर्थ वर्ग, क्लासिकल सोलो डांस द्वितीय व तृतीय वर्ग, ग्रुप डांस द्वितीय वर्ग तथा स्केचिंग ऑन द स्पॉट द्वितीय व तृतीय वर्ग की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। कार्यक्रम में डा. अनीता यादव प्रिंसिपल सैनी पब्लिक स्कूल, डा. रेखा, प्रिंसिपल कैनाल वेली पब्लिक स्कूल, धर्मेन्द्र सिंह, डायरेक्टर आरडीआर स्कूल, डा. सुधा यादव आजीवन सदस्य, डा. ज्योत्सना यादव, पिंकी पीओ बाल भवन, अजमेर गोदारा पीओ आस्था कुंज व रोशनी सुपरवाइजर सहित बाल भवन के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



रेवाड़ी। गुरप डांस की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। गुरप डांस की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बाल महोत्सव के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, ग्रुप डांस चतुर्थ वर्ग तथा सोलो सॉन्ग में दिखाएं जौहर

शुक्रवार की प्रतियोगिताओं के रिजल्ट

पोस्टर मेकिंग ग्रुप दो: आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल से अर्पणा प्रथम, डॉन बास्को स्कूल से कनक द्वितीय तथा आरपीएस पब्लिक स्कूल से पलक व रोजलेंड इंटरनेशनल स्कूल से हर्षिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रही।

क्ले मॉडलिंग ग्रुप एक: आरपीएस हांसाका से निकिता प्रथम, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल से अदविका द्वितीय तथा केरला पब्लिक स्कूल से छवि, डीपीआईएस सनसिटी से युग सैनी व सर्व हिंद पब्लिक स्कूल से प्रतीक तृतीय स्थान पर रहे।

क्ले मॉडलिंग ग्रुप दो: आरपीएस स्कूल से इशान प्रथम, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल से दीक्षा द्वितीय तथा सीआर इंटरनेशनल स्कूल से अभिनव, केरला पब्लिक स्कूल से पवनी व आरबीएस जोनियावास से जितेश तृतीय स्थान पर रहा।

पोस्टर मेकिंग ग्रुप तीन: आरपीएस स्कूल से प्रीति प्रथम, सी आर इंटरनेशनल स्कूल से शांतनु द्वितीय व न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल से वंदना तृतीय।

पोस्टर मेकिंग ग्रुप चार: आरपीएस स्कूल से सनाध्या प्रथम, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल से मिहिका द्वितीय व आरपीएस कोसली से प्राची तृतीय।

समूह नृत्य ग्रुप चार: कैनाल वैली पब्लिक स्कूल से सनाया एंड टीम प्रथम, आरपीएस हांसाका से कनक एंड टीम द्वितीय व केरला पब्लिक स्कूल से तनीषा एंड टीम तृतीय।

सोलो सॉन्ग ग्रुप दो: आरपीएस हांसाका से मनवेश प्रथम, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल से वेदांश द्वितीय व केरला पब्लिक स्कूल से वाणी तृतीय।

सोलो सॉन्ग ग्रुप तीन: आरपीएस हांसाका से भाग्य श्री प्रथम, राव निहाल सिंह स्कूल से गुंजन द्वितीय व कैनाल वैली पब्लिक स्कूल से हंशिका तृतीय।

सोलो सॉन्ग ग्रुप चार: आरपीएस हांसाका से रेयांश प्रथम, ओपन से मानवी भारद्वाज द्वितीय व कैनाल वैली पब्लिक स्कूल से वैशाली तृतीय।

ग्राम उत्थान तभी होगा जब अपनी भाषा धर्म और संस्कृति पर गर्व होगा: राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में शुक्रवार को ग्राम उत्थान कार्यक्रम के अंतर्गत बौद्धिक वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व ग्रामोत्थान के प्रांत प्रचारक राकेश ने रिलीजन और धर्म में अंतर विषय पर कहा कि आज समाज में सबसे बड़ा भ्रम रिलीजन को ही धर्म मान लेना है। रिलीजन का अर्थ है एक पंथ, एक मत, एक पूजा पद्धति। जैसे ईसाई रिलीजन, इस्लाम रिलीजन, जबकि धर्म बहुत व्यापक है। धर्म का अर्थ है धारण करने योग्य। धैर्य, क्षमा, दया, अस्तेय, शौच, इंद्रिय निग्रह धर्म के लक्षण हैं। रिलीजन बदल सकता है, धर्म नहीं बदलता। रिलीजन व्यक्ति विशेष से शुरू होता है, जबकि धर्म सनातन और शाश्वत है। उन्होंने कहा कि अज्ञानता के कारण हम अरबी उर्दू,अंग्रेजी के शब्दों को हिन्दी समझ कर प्रयोग करते हैं, जिससे अर्थ का अनर्थ हो जाता है। भाषा की शुद्धता ही विचारों की शुद्धता है। ग्राम उत्थान तभी होगा जब अपनी भाषा, अपने धर्म और अपनी संस्कृति पर गर्व होगा। उन्होंने कहा कि ग्राम उत्थान का कार्य सिर्फ सरकार का नहीं है, यह समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है। जब तक युवा अपनी जड़ों से नहीं जुड़ेगा, तब तक गांव का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं रीजनल सेंटर का उद्देश्य छात्राओं में संस्कार और राष्ट्रबोध जगाना है। कार्यक्रम का संचालन डा. अंजलि पांचाल ने किया। डा. सोनिया यादव व डा. अनिल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति से हमारी जड़ें जुड़ी हुई हैं, जो ग्रामीण आंचल में आज भी विद्यमान हैं, इसलिए राष्ट्र की आत्मा गावों में है, उसको हम संजोकर ग्राम उत्थान का कार्य करें। इस अवसर पर डा. सोनिया, रीनू यादव, सुनिता यादव, प्रवेश भारद्वाज, प्रदीप शर्मा, नीलम यादव, डा. राकेश कुमार, धीरज यादव,ज्योति यादव,मधु बाला, सनिता यादव व सुशीला उपस्थित रहे।

नवंबर में मनाई जाएगी स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक की जयंती

रेवाड़ी। स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक की जयंती नवंबर माह में मनाई जाएगी। धानक समाज की ओर से प्रति वर्ष स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक की राज्यस्तरीय जयंती मनाई जाती है। टीनू प्रधान ने बताया कि इस वर्ष भी जिले में धानक समाज और समाज की सभी संस्थाएं मिलकर जयंती को धूमधाम से मनाएंगे। कार्यक्रम के लिए संत कबीर चैरिटेबल ट्रस्ट के महासचिव दयाराम मोरवाल, कोषाध्यक्ष संदीप सोलंकी, बावल ब्लॉक प्रधान अत्तर सिंह, जाटूसाना ब्लॉक के प्रधान प्रभाती लाल व स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक के पौत्र सोनू महावर ने पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। संस्था के सदस्यों व पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से नवंबर में स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक की जयंती के लिए बतौर मुख्यातिथि समय देने की मांग की। संस्था के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को संत कबीर दास की प्रतिमा भी भेंट की।



पीएम श्री स्कूल पाल्हावास के विद्यार्थियों का जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में कल्चरल फेस्टिवल के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति सदस्य पूजा यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा एसएमसी के सभी सदस्य उपस्थित थे। स्कूल की प्राचार्य शोभा भारद्वाज ने बताया कि इस वर्ष 2026 का जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में आयोजित किया गया, जिसमें पीएम श्री स्कूल पाल्हावास के विद्यार्थियों ने ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक उत्सव में 4 प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें ग्रुप डांस फोक, सोलो डांस, रागनी और स्किट प्रतियोगिता आयोजित की गई। सीनियर वर्ग में ग्रुप 9-12 के विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस में जिला स्तर पर प्रथम, सोलो डांस में प्रथम, रागिनी प्रतियोगिता में प्रथम और हरियाणवी स्किट में द्वितीय स्थान, कक्षा 6 से 8 के ग्रुप के सोलो डांस में तीसरा स्थान और ग्रुप डांस में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।इस अवसर पर मुकेश यादव, किरण यादव, सुमन यादव, उर्मिला यादव, डेजी, मोना यादव, उषा यादव, सुमन, अनीता यादव, राजबाला, ज्योति यादव व पूनम सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

कदू में मां भवानी का जागरण आज

रेवाड़ी। जिले के गांव कदू भवानीपुर में मां भवानी का जागरण व भंडारे आयोजन किया जा रहा है। आयोजित समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 24 अक्टूबर को मां भवानी का जगराता होगा, जिसमें राजू पंजाबी खोरी वाले की पार्टी माता का गुणगान करेगी। वहीं 25 अक्टूबर को हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आज कोसली अनाज मंडी में नहीं होगी बाजरे की खरीद

कोसली। कोसली अनाज मंडी में शनिवार 24 अक्टूबर को बाजरा खरीद का कार्य बंद रहेगा। खरीद का कार्य 26 अक्टूबर से रोस्टर के अनुसार जारी रखा जाएगा। मार्केट कमेटी कोसली के सचिव विकास यादव ने बताया कि मौसम की प्रतिकूलता तथा अनाज के उठान का कार्य किए जाने की वजह से शनिवार को मंडी में बाजरा की खरीद बंद रखी जाएगी।

कोसली में निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

कोसली। कोसली बिजली निगम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को दूसरे दिन निगम प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेताओं ने बिजली के 11केवी फीडर के पैरलल लाइसेंस, एजीडिस्कोम के निजीकरण व स्मार्ट मीटरिंग के विरोध में सरकार के निर्णय पर विरोध व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की ओर से बिजली निजीकरण करने पर आम उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा। कृषि क्षेत्र में बिजली बिल की सब्सिडी भी बाद में बंद कर दी जाएगी तथा प्रदेश में पूरी तरह बिजली का निजीकरण लागू कर दिया जाएगा। पटवार कानूनगो एसोसिएशन ने धरने पर बिजली कर्मियों को समर्थन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदरजीत प्रधान व जयप्रकाश प्रधान ने की व मंच संचालन मनोज कुमार व जय सिंह ने किया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

भक्ति | पापांकुशा एकादशी पर हुआ श्याम संकीर्तन, द्वादशी पर हुआ भंडारा

'तुम सज धज कर के बैठे हो, किसी की नजर न लगे, श्याम सरकार'.....





रेवाड़ी। एकादशी पर सजी श्याम बाबा की भव्य प्रतिमा तथा श्याम संकीर्तन में भजन गाते हुए गायक कुमार मुकेश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में वीरवार रात्रि पापांकुशा एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 134वें संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में भिवानी से भजन गायक कुमार मुकेश तथा गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा ने मनमोहक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। एकादशी पर श्री श्याम श्रृंगार ग्रुप की ओर से बाबा का मनमोहक श्रृंगार कराया गया। बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। श्याम बाबा के संकीर्तन में श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते नजर आए। शुक्रवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

ये रहे मौजूद

श्याम संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय, रवि, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, अमित, मनीष, अनिल, पुरुषोत्तम, संजय सहगल, मयूर, कुशल, सोनिया, मीनाक्षी, आरती व कविता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

बाबा के भजनों पर भावविभोर हुए श्रद्धालु

एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश जी व हनुमान जी की वंदना से संकीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद गायक कुमार मुकेश ने 'जब से लगाई घर में बाबा तेरी तस्वीर, जाने-अनजाने ही मेरी बदल गई तकदीर', 'तुम सज धज कर के बैठे हो, किसी की नजर न लगे, श्याम सरकार', 'ऐसा क्या काम किया हमने तेरा, जो मेरा हाथ तुमने थाम लिया, मेरी जिंदगी बदल दी तुमने, क्या जरा सा मैने तेरा नाम लिया' व 'कलाई पकड़ ले पकड़ता ना कोई, तेरे दर पे आके मेरी आंख रोई, मेरी आंख रोई' सहित अनेक भाव भरे भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया।

दिल्ली-रेवाड़ी रेलखंड पर ब्रिज निर्माण कार्य के कारण रेलसेवाएं रहेंगी प्रभावित

रेवाड़ी। उत्तर रेलवे की ओर से दिल्ली-रेवाड़ी रेलखंड के पातली-जटौला जोड़ी सांपका स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या-77 पर आरसीसी बॉक्स लॉन्चिंग कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण कुछ रेल सेवाएं रीशेड्यूल व रेगुलेट रहेंगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09611 अजमेर-योग नगरी ऋषिकेश स्पेशल रेलसेवा 16 दिसंबर को अजमेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 30 मिनट की देरी से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54413 दिल्ली-रेवाड़ी रेलसेवा 17 दिसंबर को दिल्ली से प्रस्थान करके मार्ग में उत्तर रेलवे पर 15 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 19031 साबरमती-योग नगरी ऋषिकेश रेलसेवा 16 दिसंबर को साबरमती से प्रस्थान करके मार्ग में उत्तर रेलवे पर 45 मिनट रेगुलेट रहेगी।